JK

Roll No. ____________________________

| Question Booklet Number |
| --- |
| |

O.M.R. Serial No. : | | | | | | | |

# M.A. IV Semester (NEP) Examination, 2025-26

## संस्कृत

## लौकिक संस्कृत साहित्य का इतिहास (साहित्य वर्ग)

## (Elective)

| Question Booklet Series |
| --- |
| B |

| Paper Code | | | | | | | |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| A | 0 | 2 | 1 | 0 | 1 | 1 | T |

**Time : 1 : 30 Hours ]** **[ Maximum Marks : 75**

*Instructions to the Examinee :*

1. Do not open the booklet unless you are asked to do so.
2. The booklet contains 100 questions. Examinee is required to answer 75 questions in the OMR Answer-Sheet provided and not in the question booklet. **All** questions carry equal marks.
3. Examine the Booklet and the OMR Answer-Sheet very carefully before you proceed. Faulty question booklet due to missing or duplicate pages/questions or having any other discrepancy should be got immediately replaced.
4. Four alternative answers are mentioned for each question as – A, B, C & D in the booklet. The candidate has to choose the correct answer and mark the same in the OMR Answer-Sheet as per the direction :

*(Remaining instructions on the last page)*

*परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :*

1. प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक आपसे कहा न जाए।
2. प्रश्न-पुस्तिका में 100 प्रश्न हैं। परीक्षार्थी को 75 प्रश्नों को केवल दी गई OMR आन्सर-शीट पर ही हल करना है, प्रश्न-पुस्तिका पर नहीं। **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रश्नों के उत्तर अंकित करने से पूर्व प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR आन्सर-शीट को सावधानीपूर्वक देख लें। दोषपूर्ण प्रश्न-पुस्तिका जिसमें कुछ भाग छपने से छूट गये हों या प्रश्न एक से अधिक बार छप गए हों या उसमें किसी अन्य प्रकार की कमी हो, तो उसे तुरन्त बदल लें।
4. प्रश्न-पुस्तिका में प्रत्येक प्रश्न के चार सम्भावित उत्तर- A, B, C तथा D हैं। परीक्षार्थी को उन चारों विकल्पों में से सही उत्तर छाँटना है। उत्तर को OMR उत्तर-पत्रक में सम्बन्धित प्रश्न संख्या में निम्न प्रकार भरना है :

*(शेष निर्देश अन्तिम पृष्ठ पर)*

**Rough Work**

रफ कार्य

1. 'उदयसुन्दरी कथा' चम्पू के लेखक कौन हैं?

(A) सौड्ढल

.(B) पद्मगुप्त

(C) बिल्हण

(D) राजशेखर

2. आचार्य विश्वनाथ के अनुसार नाटक की कथावस्तु (इतिवृत्त) कैसी होनी चाहिए?

(A) काल्पनिक

(B) प्रख्यात

(C) मिश्रित

(D) पूर्णतः नवीन

3. नाटक में मुख्य रुप से कौन सा रस 'अंगी' (प्रधान) रस होना चाहिए?

(A) केवल करुण रस

(B) केवल हास्य रस

(C) श्रृंगार या वीर रस में से कोई एक

(D) रौद्र रस

4. नाटक में कम से कम और अधिक से अधिक कितने अंक होने चाहिए?

(A) 5 से 10 अंक

(B) 1 से 5 अंक

(C) 10 से 20 अंक

(D) 3 से 7 अंक

5. नाटक के अंत में नायक या पात्रों द्वारा दी जाने वाली शुभ आशीष को क्या कहते हैं?

(A) प्रस्तावना

(B) भरतवाक्यम्

(C) प्रवेशक

(D) आकाशभाषित

6. ''अवस्थानुकृतिर्नाट्यम्'' यह परिभाषा किसने दी है?

(A) भरतमुनि

(B) भामह

(C) धनंजय

(D) दण्डी

7. 'रुपक' के कितने भेद होते हैं?

(A) 5

(B) 10

(C) 18

(D) 4

8. महाकाव्य की रचना किसमें निबद्ध होनी चाहिए?

(A) अध्यायों में

(B) अंकों में

(C) उच्छवासों में

(D) सर्गों में

9. महाकाव्य में कम से कम कितने सर्ग होने चाहिए?

(A) पाँच

(B) सात

(C) आठ

(D) दस

10. महाकाव्य का नायक कैसा होना चाहिए?

(A) धीरोद्धत

(B) धीरप्रशान्त

(C) धीरोदात्त

(D) धीरललित

11. महाकाव्य के प्रारंभ में क्या होना अनिवार्य है?

(A) केवल देवताओं की स्तुति

(B) केवल आशीर्वाद

(C) केवल वस्तु-निर्देश

(D) नमस्कार, आशीर्वाद या वस्तु-निर्देश में से कोई एक

12. सर्ग के अंत में छंद के विषय में क्या नियम है?

(A) पूरा सर्ग एक ही छंद में हो और अंत में छंद बदल जाए

(B) हर श्लोक का छंद अलग होना चाहिए

(C) छंद का कोई नियम नहीं है

(D) केवल अनुष्टुप छंद का प्रयोग हो

13. महाकाव्य में किसका वर्णन अनिवार्य माना जाता है?

(A) संध्या, सूर्य, चंद्रमा और रात्रि का

(B) पर्वत, वन और सागर का

(C) विवाह, युद्ध और यात्रा का

(D) उपर्युक्त सभी का

14. वह गद्य जिसमें लंबे-लंबे समासों का प्रयोग होता है, उसे क्या कहा जाता है?

(A) चूर्णक

(B) उत्कलिकाप्राय

(C) मुक्तक

(D) पद्य

15. गद्य काव्य में रस की निष्पत्ति किसके माध्यम से होती है?

(A) केवल अलंकारों से

(B) केवल शब्दों से

(C) शब्द और अर्थ के सामंजस्य से

(D) केवल संगीत से

16. गद्य का वह प्रकार जो सुनने में पद्य (कविता) जैसा लगे, क्या कहलाता है?
   (A) चूर्णक
   (B) वृत्तगन्धि
   (C) मुक्तक
   (D) उत्कलिकाप्राय

17. कवि की प्रतिभा को परखने के लिए किसे कसौटी माना गया है?
   (A) पद्य
   (B) गद्य
   (C) नाटक
   (D) व्याकरण

18. संस्कृत नाटकों का 'स्वर्ण युग' (Golden Age) किस काल को माना जाता है?
   (A) मौर्य काल
   (B) कुषाण काल
   (C) गुप्त काल
   (D) आधुनिक काल

19. 'भास' द्वारा रचित कुल कितने नाटक उपलब्ध हैं?
   (A) 10
   (B) 13
   (C) 20
   (D) 7

20. "पुरा कवीनां गणनाप्रसङ्गे कनिष्ठिकाधिष्ठित..." यह श्लोक किस कवि की महानता की ओर इंगित करता है?
   (A) महाकवि भारवि
   (B) महाकवि माघ
   (C) महाकवि कालिदास
   (D) महाकवि भवभूति

21. महाभारत को और किस नाम से जाना जाता है क्योंकि इसमें एक लाख श्लोक हैं?
   (A) शतसाहस्री संहिता
   (B) जय संहिता
   (C) भारत संहिता
   (D) उपर्युक्त सभी

22. 'मृच्छकटिकम्' किस विधा की रचना है?
   (A) नाटक
   (B) प्रकरण
   (C) भाण
   (D) व्यायोग

23. नीति कथाओं का सबसे प्रसिद्ध ग्रंथ कौन सा है?
   (A) पञ्चतन्त्र
   (B) हितोपदेश
   (C) कथासरित्सागर
   (D) (A) और (B) दोनों

24. भारवि का 'किरातार्जुनीयम्' महाभारत के किस पर्व से लिया गया है?
   (A) आदि पर्व
   (B) वन पर्व
   (C) भीष्म पर्व
   (D) सभा पर्व

25. 'शिशुपालवधम्' महाकाव्य के रचयिता कौन हैं?

(A) माघ

(B) श्रीहर्ष

(C) भारवि

(D) दण्डी

26. आचार्य भरतमुनि के 'नाट्य शास्त्र' में कितने अध्याय हैं?

(A) 18

(B) 24

(C) 36

(D) 40

27. 'गीतगोविन्द' के रचयिता कौन हैं?

(A) जयदेव

(B) विद्यापति

(C) विल्हण

(D) कल्हण

28. 'राजतरंगिणी' के लेखक कौन हैं?

(A) विल्हण

(B) कल्हण

(C) क्षेमेन्द्र

(D) सोमदेव

29. 'स्वप्नवासवदत्तम्' का मुख्य नायक कौन है?

(A) दुष्यंत

(B) उदयन

(C) चारुदत्त

(D) माधव

30. 'विशाखदत्त' कृत 'मुद्राराक्षसम्' नाटक की सबसे बड़ी विशेषता क्या है जो इसे अन्य संस्कृत नाटकों से अलग करती है?

(A) इसमें नायिका और विदूषक का पूर्ण अभाव है

(B) इसमें केवल वीर रस है

(C) इसमें 20 अंक है

(D) यह पूरी तरह काल्पनिक है

31. भास के नाटकों की खोज आधुनिक काल में किसने की और उन्हें 'भास नाटक चक्र' के नाम से प्रकाशित किया?

(A) सर विलियम जोन्स

(B) कीथ

(C) मैक्समूलर

(D) टी. गणपति शास्त्री

32. संस्कृत साहित्य का प्रथम 'त्रासदी' (दुःखांत) नाटक इनमें से किसे माना जाता है?

(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम्

(B) ऊरुभङ्गम्

(C) मृच्छकटिकम्

(D) वेणीसंहारम्

33. 'सारिपुत्रप्रकरण' साहित्य की किस विधा के अंतर्गत आता है?

(A) नाटक

(B) जीवनी

(C) कहानी संग्रह

(D) महाकाव्य

34. संस्कृत साहित्य के किस प्रसिद्ध कवि को 'आतपत्र' क़ी उपाधि से विभूषित किया गया है?

(A) कालिदास

(B) अश्वघोष

(C) भारवि

(D) माघ

35. इनमें से किस महाकाव्य को 'रावणवध' के नाम से भी जाना जाता है?

(A) रघुवंशम्

(B) भट्टिकाव्य

(C) किरातार्जुनीयम्

(D) शिशुपालवधम्

36. इनमें से कौन सी रचना 'नाटिका' विधा के अंतर्गत आती है?

(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम्

(B) उत्तररामचरितम्

(C) रत्नावली

(D) मृच्छकटिकम्

37. राजशेखर द्वारा रचित सुप्रसिद्ध रचना 'कर्पूरमंजरी' साहित्य की किस विशिष्ट विधा के अंतर्गत आती है?

(A) सट्टक

(B) नाटिका

(C) प्रकरण

(D) व्यायोग

38. सुप्रसिद्ध जैन संस्कृत ग्रंथ 'गद्यचिंतामणि' के रचयिता इनमें से कौन हैं?

(A) दण्डी

(B) बाणभट्ट

(C) ओडयदेव (वादीभसिंह)

(D) सुबन्धु

39. इनमें से कौन सी प्रसिद्ध रचना महाकवि धनपाल द्वारा रचित है?

(A) तिलक मंजरी

(B) कादंबरी

(C) वासवदत्ता

(D) दशकुमारचरितम्

40. संस्कृत के प्रसिद्ध नाटक 'अनर्घराघव' के रचयिता इनमें से कौन हैं?

(A) भवभूति

(B) मुरारी

(C) राजशेखर

(D) जयदेव

41. संस्कृत साहित्य के किस महान विद्वान को 'पदवावाक्यप्रमाणज्ञ' के नाम से संबोधित किया गया है?

(A) कालिदास

(B) श्रीहर्ष

(C) भारवि

(D) भवभूमि

42. इनमें से कौन सी रचना राजा हर्षवर्धन द्वारा रचित नहीं है?

(A) रत्नावली

(B) प्रियदर्शिका

(C) नागानन्द

(D) कादम्बरी

43. इनमें से किस महाकाव्य में रामायण की कथा के साथ-साथ संस्कृत व्याकरण के नियमों की भी व्याख्या की गई है?

(A) रघुवंशम्

(B) शिशुपालवधम्

(C) भट्टिकाव्य

(D) किरातार्जुनीयम्

44. इनमें से कौन सी सुप्रसिद्ध रचना 'अंकों' के स्थान पर 'आश्वासों' में विभक्त है?

(A) हर्षचरितम्

(B) सेतुबन्ध (रावणवहो)

(C) बुद्धचरितम्

(D) कादम्बरी

45. नाट्यशास्त्र के अनुसार, देवताओं द्वारा प्रथम नाट्य का अभिनय (मंचन) किस विशेष अवसर पर किया गया था?

(A) इंद्रध्वज महोत्सव के अवसर पर..

(B) दीपावली के उत्सव पर

(C) वसंतोत्सव के अवसर पर

(D) राजा के राज्याभिषेक पर

46. संस्कृत नाटक की उत्पत्ति के 'वीर-पूजा सिद्धांत' (Hero-Worship Theory) के मुख्य प्रवर्तक कौन हैं?

(A) प्रोफेसर कीथ

(B) प्रोफेसर रिजवे

(C) मैक्समूलर

(D) पिशेल

47. वीर-पूजा सिद्धांत के अनुसार नाटकों का उदय किसके सम्मान में आयोजित उत्सवों से हुआ है?

(A) प्राकृतिक शक्तियों के

(B) जीवित राजाओं के

(C) मृत वीरों या पूर्वजों के

(D) पशु-पक्षियों के

48. किस प्राचीन ग्रंथ में 'नट-सूत्रों का उल्लेख मिलता है, जो सिद्ध करता है कि नाट्य कला अत्यंत प्राचीन है?

(A) अष्टाध्यायी (पाणिनी)

(B) अर्थशास्त्र (कौटिल्य)

(C) कामसूत्र (वात्स्यायन)

(D) मनुस्मृति

49. बाणभट्ट के विषय में ''वाणी बाणो बभूव'' किसने कहा था?

(A) जयदेव

(B) गोवर्धनाचार्य

(C) मल्लिनाथ

(D) राजशेखर

50. 'वश्यवाणी कवि चक्रवर्ती' की उपाधि से निम्नलिखित में से कौन से कवि अलंकृत हैं?

(A) कालिदास

(B) भारवि

(C) बाणभट्ट

(D) भवभूति

51. संस्कृत गद्य साहित्य का प्राचीनतम रुप कहाँ देखने को मिलता है?

(A) ऋग्वेद की संहिताओं में

(B) कृष्ण यजुर्वेद की तैत्तिरीय संहित में

(C) रामायण में

(D) महाभारत में

52. काव्य-शास्त्र के अनुसार गद्य के मुख्य दो भेद कौन से हैं?

(A) नाटक और प्रहसन

(B) कथा और आख्यायिका

(C) मुक्तक और चम्पू

(D) श्लोक और अनुष्टुप

53. 'वासवदत्ता' गद्य काव्य के रचयिता कौन हैं?

(A) बाणभट्ट

(B) दण्डी

(C) सुबन्धु

(D) भास

54. संस्कृत साहित्य में 'गद्य-सम्राट' किसे कहा जाता है?

(A) कालिदास

(B) बाणभट्ट

(C) माघ

(D) भवभूति

55. आचार्य दण्डी की प्रसिद्ध गद्य रचना कौन सी है?

(A) दशकुमारचरितम्

(B) हर्षचरितम्

(C) किरातार्जुनीयम्

(D) कादंबरी

56. बाणभट्ट की कौन सी रचना 'आख्यायिका' की श्रेणी में आती है?

(A) कादंबरी

(B) हर्षचरितम्

(C) चण्डीशतकम्

(D) पार्वतीपरिणय

57. संस्कृत गद्य की 'पाञ्चाली' रीति के लिए कौन प्रसिद्ध है-

(A) सुबन्धु

(B) बाणभट्ट

(C) दण्डी

(D) अंबिकादत्त व्यास

58. 'दशकुमारचरितम्' में मुख्य रुप से किस रस की प्रधानता है?

(A) शांत रस

(B) वीर और अद्भुत रस

(C) वीभत्स रस

(D) करुण रस

59. ''ओजः समासभूयस्त्वमेतद्गद्यस्य जीवितम्'' (ओज और समासों की अधिकता ही गद्य की जीवन है) यह कथन किसका है?

(A) भामह

(B) विश्वनाथ

(C) मम्मट

(D) दण्डी

60. संस्कृत गद्य की 'गौड़ी' रीति की मुख्य विशेषता क्या है?

(A) अल्प-समास (छोटे समास)

(B) दीर्घ-समास और ओज गुण

(C) कोमल कांत पदावली

(D) अलंकारों का अभाव

61. बाणभट्ट के 'हर्षचरितम्' में कुल कितने 'उच्छवास' (अध्याय) हैं?

(A) पाँच

(B) सात

(C) आठ

(D) दस

62. 'दशकुमारचरितम्' में मुख्य रुप से किसके चरित्र का वर्णन है?

(A) राजवाहन सहित दस राजकुमारों का

(B) राजा हर्ष के मंत्रियों का

(C) केवल चंद्रापीड़ का

(D) राजा शूद्रक का

63. सुबन्धु की 'वासवदत्ता' में नायक कौन हैं?

(A) उदयन

(B) पुण्डरीक

(C) कन्दर्पकेतु

(D) शहंशाह

64. बाणभट्ट की 'कादम्बरी' का उपजीव्य (मूल स्रोत) ग्रन्थ क्या है?

(A) महाभारत

(B) गुणाढ्य की 'बृहत्कथा'

(C) पंचतंत्र

(D) रामायण

65. गद्य काव्य के 'मुक्तक' भेद का क्या अर्थ है?

(A) जिसमें समास का प्रयोग बिल्कुल न हो

(B) जो छन्दों में बँधा हो

(C) जिसमें मुख्य नायक न हो

(D) जो केवल देवताओं की स्तुति करे

66. कादम्बरी का 'उत्तरार्द्ध' (बाद का भाग) किसने पूरा किया?

(A) दण्डी ने

(B) सुबन्धु ने

(C) हर्षवर्धन ने

(D) भूषणभट्ट ने

67. संस्कृत गद्य में 'वैदर्भी' रीति का सर्वश्रेष्ठ प्रयोगकर्ता किसे माना जाता है?

(A) दण्डी

(B) बाणभट्ट

(C) सुबन्धु

(D) माघ

68. 'कथा' और 'आख्यायिका' में मुख्य अंतर क्या है?

(A) कथा सच्ची होती है, आख्यायिका काल्पनिक

(B) कथा काल्पनिक होती है, आख्यायिका ऐतिहासिक

(C) कथा पद्य में होती है, आख्यायिका गद्य में

(D) इनमें कोई अंतर नहीं है

69. दण्डी के अनुसार 'अवन्तिसुन्दरीकथा' किस प्रकार की रचना है?

(A) नाटक

(B) चम्पू

(C) महाकाव्य

(D) कथा

70. ''काव्येषु नाटकं रम्यं तत्र रम्या .....''-यह उक्ति किस नाटक के संदर्भ में है?

(A) उत्तररामचरितम्

(B) अभिज्ञानशाकुन्तलम्

(C) मृच्छकटिकम्

(D) स्वप्नवासवदत्तम्

71. संस्कृत साहित्य में 'करुण रस' क़ा सर्वश्रेष्ठ कवि किसे माना जाता है?

(A) कालिदास

(B) भारवि

(C) भवभूति

(D) श्रीहर्ष

72. कौन हैं, जो अपनी 'अर्थगौरव' के लिए प्रसिद्ध हैं?

(A) माघ

(B) अश्वघोष

(C) श्रीहर्ष

(D) भारवि

73. संस्कृत के 'वृहत्त्रयी' में कौन-कौन से ग्रंथ शामिल हैं?

(A) रघुवंशम्, कुमारसंभवम्, मेघदूतम्

(B) किरातार्जुनीयम्, शिशुपालवधम्, नैषधीयचरितम्

(C) बुद्धचरितम्, सौन्दरनन्द, रामायण

(D) किरातार्जुनीयम्, रघुवंशम्, नैषधीयचरितम्

74. 'मृच्छकटिकम्' नाटक के लेखक कौन हैं?

(A) विशाखदत्त

(B) शूद्रक

(C) राजशेखर

(D) भट्टनारायण

75. निम्नलिखित में से भास द्वारा लिखित कौन सा नाटक 'रामायण' पर आधारित है?

(A) स्वप्नवासवदत्तम्

(B) उरुभंगम्

(C) पंचरात्रम्

(D) प्रतिमा नाटकम्

76. विशाखदत्त द्वारा रचित 'मुद्राराक्षस' किस प्रकार का नाटक है?

(A) प्रेम प्रधान

(B) राजनीति प्रधान

(C) धार्मिक

(D) हास्य प्रधान

77. 'शिशुपालवधम्' महाकाव्य में कुल कितने सर्ग हैं?

(A) 18

(B) 20

(C) 22

(D) 19

78. नवरस में से किस रस को 'रसराज' कहा जाता है, जो अधिकांश संस्कृत नाटकों का मुख्य रस है?

(A) वीर रस

(B) रौद्र रस

(C) शांत रस

(D) श्रृंगार रस

79. संस्कृत साहित्य के इतिहास में प्रथम ऐतिहासिक सम्राट किसे माना जाता है, जिनके जीवन पर प्रथम 'आख्यायिका' लिखी गई?

(A) चंद्रगुप्त मौर्य

(B) हर्षवर्धन

(C) विक्रमादित्य

(D) समुद्रगुप्त

80. इनमें से कौन सा लेखक अपने गद्य में 'प्रत्यक्षर--श्लेष' (प्रत्येक अक्षर में श्लेष) के प्रयोग के लिए प्रसिद्ध है?

(A) बाणभट्ट

(B) दण्डी

(C) सुबन्धु

(D) कालिदास

81. संस्कृत नाटकों में 'विदूषक' पात्र का मुख्य कार्य क्या होता है?

(A) हास्य उत्पन्न करना

(B) गंभीर राजनीति करना

(C) युद्ध का संचालन करना

(D) नान्दी पाठ (मंगलाचरण) करना

82. किसे 'पद-लालित्य' के लिए विशेष रुप से जाना जाता है?

(A) भारवि

(B) दण्डी

(C) माघ

(D) श्रीहर्ष

83. अश्वघोष द्वारा रचित 'बुद्धचरितम्' किस विधा की रचना है?

(A) नाटक

(B) चम्पू काव्य

(C) गद्य काव्य

(D) महा काव्य

84. संस्कृत नाटकों का प्रारंभ देवताओं की स्तुति से होता है, जिसे क्या कहते हैं?

(A) भरतवाक्यम्

(B) प्रस्तावना

(C) नान्दी

(D) विष्कम्भक

85. बाणभट्ट के गुरु का क्या नाम था, जिनका उल्लेख उन्होंने 'हर्षचरितम्' में आदरपूर्वक किया है?

(A) भर्तृहरि

(B) भत्सु (या भर्चु)

(C) पंतजलि

(D) पाणिनी

86. किस महाकवि को 'दीपशिखा' की उपाधि दी गई?

(A) भारवि

(B) भवभूति

(C) माघ

(D) कालिदास

87. चम्पू काव्य की परिभाषा क्या है?

(A) केवल गद्य में रचित काव्य

(B) केवल पद्य में रचित काव्य

(C) गद्य और पद्य का मिश्रित काव्य

(D) नाटक और कथा का मिश्रण

88. संस्कृत साहित्य का प्रथम उपलब्ध चम्पू ग्रंथ कौन सा है?

(A) रामायण चम्पू

(B) नल चम्पू

(C) भारत चम्पू

(D) वरदाम्बिका परिणय चम्पू

89. 'नल चम्पू' के रचयिता कौन हैं?

(A) भोजराज

(B) सोमदेव सूरी

(C) त्रिविक्रम भट्ट

(D) अनन्त भट्ट

90. त्रिविक्रम भट्ट किस राजा के दरबारी कवि थे?

(A) राजा भोज

(B) इंद्रराज तृतीय

(C) विक्रमादित्य

(D) हर्षवर्धन

91. 'यशस्तिलक चम्पू' के रचयिता कौन हैं?

(A) सोमदेव सूरी

(B) हरिचन्द्र

(C) जीवन्धर

(D) वेदान्त देशिक

92. 'रामायण चम्पू' के रचयिता कौन माने जाते हैं?

(A) बाल्मीकि

(B) भवभूति

(C) कालिदास

(D) राजा भोज

93. 'भारत चम्पू' के रचयिता कौन हैं?

(A) अनन्त भट्ट

(B) चम्पू कवि

(C) श्रीहर्ष

(D) माघ

94. चम्पू काव्य का मुख्य उद्देश्य क्या होता है?

(A) केवल मनोरंजन

(B) गद्य की गंभीरता और पद्य की मधुरता का संगम

(C) केवल धार्मिक प्रचार

(D) व्याकरण का ज्ञान

95. 'नल चम्पू' में कुल कितने उच्छवास हैं?

(A) 5

(B) 12

(C) 10

(D) 7

96. 'मदालसा चम्पू' किसकी रचना है?

(A) त्रिविक्रम भट्ट

(B) सोमदेव

(C) भोज

(D) अनन्त भट्ट

97. जैन साहित्य का प्रसिद्ध चम्पू काव्य कौन सा है?

(A) यशस्तिलक चम्पू

(B) रामायण चम्पू

(C) नल चम्पू

(D) भागवत चम्पू

98. 'वरदाम्बिका परिणय चम्पू' क़ी लेखिका कौन हैं?

(A) विजयांका

(B) गंगादेवी

(C) तिरुमलाम्बा

(D) शीलभट्टारिका

99. चम्पू काव्य की शैली पर किसका प्रभाव सर्वाधिक दिखाई देता है?

(A) बाणभट्ट की गद्य शैली

(B) कालिदास की सरल शैली

(C) भास की नाट्य शैली

(D) पाणिनी की व्याकरण शैली

100. चम्पू काव्यों में किस गुण की प्रधानता होती है?

(A) केवल प्रसाद गुण

(B) ओज और माधुर्य का मिश्रण

(C) केवल माधुर्य गुण

(D) गुणों का अभाव

**Rough Work**

रफ कार्य

***Example :***

**Question :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **Q. 1** | (A) | ● | (C) | (D) |
| **Q. 2** | (A) | (B) | ● | (D) |
| **Q. 3** | (A) | ● | (C) | (D) |

5. Each question carries equal marks. Marks will be awarded according to the number of correct answers you have.
6. All answers are to be given on OMR Answer Sheet only. Answers given anywhere other than the place specified in the answer sheet will not be considered valid.
7. Before writing anything on the OMR Answer Sheet, all the instructions given in it should be read carefully.
8. After the completion of the examination candidates should leave the examination hall only after providing their OMR Answer Sheet to the invigilator. Candidate can carry their Question Booklet.
9. There will be no negative marking.
10. Rough work, if any, should be done on the blank pages provided for the purpose in the booklet.
11. To bring and use of log-book, calculator, pager & cellular phone in examination hall is prohibited.
12. In case of any difference found in English and Hindi version of the question, the English version of the question will be held authentic.

**Impt. On opening the question booklet, first check that all the pages of the question booklet are printed properly. If there is any discrepancy in the question booklet, then after showing it to the invigilator, get another question booklet of the same series.**

***उदाहरण :***

**प्रश्न :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **प्रश्न 1** | (A) | ● | (C) | (D) |
| **प्रश्न 2** | (A) | (B) | ● | (D) |
| **प्रश्न 3** | (A) | ● | (C) | (D) |

5. प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं। आपके जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक प्रदान किये जायेंगे।
6. सभी उत्तर केवल ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर ही दिये जाने हैं। उत्तर-पत्रक में निर्धारित स्थान के अलावा अन्यत्र कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा।
7. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर कुछ भी लिखने से पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया जाये।
8. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त परीक्षार्थी कक्ष निरीक्षक को अपनी OMR Answer Sheet उपलब्ध कराने के बाद ही परीक्षा कक्ष से प्रस्थान करें। परीक्षार्थी अपने साथ प्रश्न-पुस्तिका ले जा सकते हैं।
9. निगेटिव मार्किंग नहीं है।
10. कोई भी रफ कार्य, प्रश्न-पुस्तिका में, रफ-कार्य के लिए दिए खाली पेज पर ही किया जाना चाहिए।
11. परीक्षा कक्ष में लॉग-बुक, कैल्कुलेटर, पेजर तथा सेल्युलर फोन ले जाना तथा उसका उपयोग करना वर्जित है।
12. प्रश्न के हिन्दी एवं अंग्रेजी रूपान्तरण में भिन्नता होने की दशा में प्रश्न का अंग्रेजी रूपान्तरण ही मान्य होगा।

**महत्वपूर्ण : प्रश्न-पुस्तिका खोलने पर प्रथमतः जाँच कर देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पृष्ठ भलीभाँति छपे हुए हैं। यदि प्रश्न-पुस्तिका में कोई कमी हो, तो कक्षनिरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज की दूसरी प्रश्न-पुस्तिका प्राप्त कर लें।**